**2.3**

**प्रपत्र–6**

**परियोजना का नामः–** जनपद बागेश्वर में मण्डलसेरा मोटर मार्ग के किमी0 2 से कलियाबगड–गोगिनापानी तक मोटर मार्ग निर्माण कार्य।

## संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक 26.06.2021 को प्रश्नगत परियोजना के लिए वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव तैयार करने हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री हयात सिंह, वन दरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्री कुन्दन सिंह मेहता, राजस्व उप निरीक्षक एवं प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री संतोष पाण्डे, अपर सहायक अभियंता, द्वारा भाग लिया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय पाया गया कि उपरोक्त प्रयोजन हेतु निम्नानुसार वन भूमि / नाप भूमि प्रभावित हो रही है।

आरक्षित वन भूमि 0.703 है0, सिविल सोयम वन भूमि 0.766 है0, वन पंचायत भूमि 0.00 है0 कुल **1.469** है0 वन भूमि एवं 1.328 है0 नाप भूमि प्रभावित हो रही है। परियोजना के निर्माण हेतु आवेदित वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है तथा आवेदित वन भूमि की मांग न्यूनतम है। परियोजना के निर्माण हेतु प्रस्तावक विभाग द्वारा सुझाये गये अन्य विकल्पों पर भी विचार किया गया व वर्तमान विकल्प / संरेखण को सर्वथा उपयुक्त पाया गया। प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जाना है व इस परियोजना के निर्माण से ग्राम पंचायत कलियाबगड़, गोगिनापानी एवं फल्याटी. की कुल 466 जनसंख्या लाभान्वित होगी।

आवेदित वन भूमि में 154 वृक्षों व नाप भूमि पर 153 वृक्षों का पातन निहित है जिनकी प्रजातिवार / व्यासवार सूची प्रस्ताव में संलग्न है।

(श्री संतोष पाण्डे)
अवर अभियंता
(प्रयोक्ता एजेन्सी)

(प्रदीप तिवारी)
अमीन
लो0नि0वि0

(श्री कुन्दन सिंह मेहता)
राजस्व उप निरीक्षक
राजस्व विभाग प्रतिनिधि

(श्री हयात सिंह)
वन दरोगा
वन विभाग प्रतिनिधि

सहायक अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर (सदस्य सचिव)

वनक्षेत्र अधिकारी
बागेश्वर वन क्षेत्र
(सदस्य)

तहसीलदार
बागेश्वर
(सदस्य)

सहायक वन संरक्षक
बागेश्वर वन प्रभाग
(सदस्य)

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर

प्रधान / वन पंचायत सरपंच

उपजिलाधिकारी
गरूड़ / अध्यक्ष, संयुक्त निरीक्षण
समिति तहसील बागेश्वर

प्रभागीय वनाधिकारी

जिला अधिकारी